सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-262
12/06/2017

गंगा की निमर्लता एवं अविरलता के लिये प्रयासरत विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 12 जून 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में गंगा की निमर्लता एवं अविरलता के लिये प्रयासरत विशेषज्ञों एवं पर्यावरणविदों ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात में सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश श्री बी0 गोपाल गौड़ा, जलपुरूष श्री राजेन्द्र सिंह, आई0आई0टी0 रूड़की के डॉ0 नयन शर्मा, आई0आई0टी0 कानपुर के डॉ0 राजीव सिन्हा, एन0आई0आर0आई0 के निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। विशेषज्ञों द्वारा बक्सर से फरक्का तक के जमीनी हकीकत का जायजा लिया गया है और उन्होंने गंगा नदी के गाद पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है।

मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री और विशेषज्ञों के बीच इस बात पर विस्तार से चर्चा हुयी कि पूरे गंगा बेसिन में ऑर्गेनिक फार्मिंग तथा ई–फ्लो मेनटेन होना चाहिये। इस बात पर भी चर्चा हुयी कि जो भी गंगा नदी के नीचे अवरोध है, उसको हटाने की दिशा में कारगर कार्रवाई होनी चाहिये।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, अभियंता प्रमुख श्री इन्दु भूषण कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित जल संसाधन विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

****